पत्र संख्या–स्था0अराज0–ई0आई0एम0एस0–2020–21 / / 1625 / / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ::दिनांक 15 सितम्बर,2020

1 अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,लखनऊ
2 समस्त अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य कर मुख्यालय,लखनऊ

....

वाणिज्य कर विभाग में ई0आई0एम0एस0 माड्यूल की व्यवस्था विद्यमान है जिसका मूल उद्देश्य कर्मचारियों के सेवा से सम्बन्धी महत्वपूर्ण विवरण जैसे कर्मचारी के स्वयं से सम्बन्धित अपेक्षित निजी विवरण स्थानान्तरण,तैनाती आदि डिजीटल मोड में एक ही स्थान पर समेकित रुप से उपलब्ध कराना है,जिससे आवयश्यकतानुसार उसका कार्यहित में त्वरित प्रयोग किया जा सके एवं सम्बन्धित कर्मचारी तक भी उसके सेवा से सम्बन्धित विवरणों की पहुॅच सुलभ हो सके।

अतः उपरोक्त व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त विभागीय तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को यह निर्देशित करने का कष्ट करें कि वह अपने ई0आई0एम0एस0 पेज का सम्यक अवलोकन कर लें और अपनी समस्त अपेक्षित सूचना दिनांक 30.09.2020 तक प्रत्येक दशा में पोर्टल पर पूर्ण करते हुये भरे हुये फार्म की हार्डकॉपी अपने सवर्ग अनुसार सम्बन्धित अधिष्ठान पटल प्रभारी को प्राप्त कराना सुनिश्चित करेगे। सभी कर्मचारियों की व्यक्तिगत रुप से यह जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाय कि वह माड्यूल पर फीडिंग हेतु उपलब्ध सभी विकल्पों को नियमानुसार भर दें।

उपरोक्तानुसार ई0आई0एम0एस0 माड्यूल पर समयानुसार फीडिंग हेतु अपने अधीनस्थ प्रशासनिक अधिकारियों /कर्मचारियों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक:: ई0आई0एम0एस0 में सूचना भरे जाने के सामान्य दिशा–निर्देश।

D.C.(I.T.)
16/09/2020

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

पृष्ठाकंन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सचूनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित
1 डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0) को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
2 सम्बन्धित पटल प्रभारी ।

(डौली)
डिप्टी कमिश्नर (स्था0अराज0)वाणिज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।